यदि इस दस्तावेज और इसके अंगरेजी/चीनी भाषा रूपाँतर में कोई बेजोडता या विवाद है तो अंगरेजी/चीनी भाषा का रूपाँतर कायम रहेगा।

वित्तीय स्वास्थ्य

अपने ऋण को प्रबंधित करना

अपने ऋण का प्रबंधन करना आपके लिए महत्वपूर्ण है। ऋण आपके जीवन में लचीलापन लाकर, जब आपको जरूरत होती है, आपकी जिंदगी को आसान बना देता है। चाहे आप छुट्टियां मना रहे हों, खरीदारी कर रहे हों, या आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए, ऋण आपके जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। और अपने ऋण को समझदारी से प्रबंधित करना ये सुनिश्चित करता है कि जब आप चाहेंगे आपको ऋण मिल जाएगा।

समय के साथ एक स्वस्थ क्रेडिट प्रोफ़ाइल बनाए रखना महत्वपूर्ण है। चूंकि अधिकांश ऋणदाता आपके खाते की गतिविधि की रिपोर्ट कोड ऑफ प्रैक्टिस ऑन कंज्यूमर क्रेडिट डाटा की अनुमति से क्रेडिट ब्यूरो को देते हैं, इसलिए स्वस्थ ऋण रिकॉर्ड आपकी कुल वित्तीय तस्वीर और संपूर्ण क्रेडिट प्रोफ़ाइल को बढ़ाता है। अगली बार जब आप कार ऋण या गिरवी के लिए आवेदन करते हैं, तो आपको खुशी होगी कि आपने ऐसा किया था।

अपने ऋण को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना व्यक्तिगत पसंद और वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ाता है, लेकिन यह भी सही विकल्पों को चुनने की जिम्मेदारी के साथ आता है।

वित्तीय स्वास्थ्य को बेहतर करना

आप वित्तीय मामलों पर नियंत्रण रख सकें और ऋण आपके लिए काम कर सके, आपके खिलाफ नहीं जाए इसके लिए यहां कुछ सुझाव दिए जा रहे हैं।

- बजट बनाकर रखें। सुनिश्चित करें कि आप जानते हैं कि कितनी कमाई हो रही है और क्या खर्च हो रहा है। इस तरह आप अचानक गलत खर्च करने से बचेंगे।
- अंधाधुंध खरीदारी से बचें। यदि आपको नकद भुगतान करना पड़ता तो क्या आप यह खरीद करते?
- खरीदते वक्त तुलना करना आदत में शुमार कीजिए। उपलब्ध ऋण के अन्य रूपों के साथ लागत और मूल्य की तुलना किए बिना कभी भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण न लें।

- हस्ताक्षर करने से पहले हमेशा आवेदन पत्र को पढ़ें और समझें।
- ऋण या दूसरे की ओर से ऋण की गारंटी के लिए सह-हस्ताक्षर करते वक्त सावधान रहें। याद रखें कि यदि ऋण लेने वाला इसे चुकाने में विफल होता है तो आपको ऋण चुकाना होगा। ऋण लेने वाले से पूछिए कि इसकी शर्त क्या है, उसकी आय क्या है और खुद को संतुष्ट कर लीजिए कि ऋण लेने वाला इसे चुका सकता है। जोखिम को जान लें ताकि आप सही और समझदार निर्णय कर सकें।
- सावधानी के साथ ऋण का उपयोग करें। क्या आप अपने उद्देश्य के लिए सही प्रकार के ऋण का उपयोग कर रहे हैं? क्या आप जरूरत से ज्यादा महंगा ऋण तो नहीं ले रहे हैं? आपको कितने क्रेडिट कार्ड की ज़रूरत है? क्या आप उनका उपयोग केवल इसलिए कर रहे हैं क्योंकि ये आपके पास हैं?

वित्तीय योजना

अगर आप भविष्य के लिए बचत, घर खरीदने या रिटायरमेंट के लिए सोच रहे हैं तो अपने बैंक से बात करें या उसकी वेबसाइट पर जाएं, जहां आपको योजना के लिए सलाह और विकल्प मिलेंगे। इस तरह की अधिकतर वेबसाइट हांगकांग एसोसिएशन ऑफ बैंक्स से जुड़ी हैं। (www.hkab.org.hk पर जाएं)

खतरे का संकेत

वित्तीय समस्याएं जैसे कि क्रेडिट कार्ड का बढ़ता ऋण से लेकर गृह ऋण के भुगतान में असमर्थता, जरूरी नहीं कि यह समस्याएं खराब वित्तीय प्रबंधन का नतीजा हो। कई बार वित्तीय स्थितियां आपके नियंत्रण से बाहर होती हैं। कारणों के बावजूद, पैसे की समस्याओं के बारे में चिंता आपके काम और पारिवारिक जीवन को प्रभावित कर सकती है।

बहुत बार आपको वित्तीय संकट के संकेत दिखाई नहीं पड़ सकते हैं जब तक कि बहुत देर नहीं हो जाए। लेकिन वित्तीय संकट रातोंरात नहीं आता है। चेतावनी के कई संकेत आते हैं कि ऋण समस्या नियंत्रण से बाहर हो रही है।

उदाहरण के लिए, क्या आप:

- अपने बिलों पर नियमित रूप से केवल न्यूनतम राशि का भुगतान करते हैं?
- एक उच्च ब्याज ऋणदाता से उधार लेकर ऋण को संगठित करते हैं?
- पैसे बचाने में असमर्थ महसुस करते हैं या बिलों को कवर करने के लिए तुरंत अपनी बचत का उपयोग करते हैं?
- जरूरी खर्चों को पूरा करने के लिए दोस्तों और रिश्तेदारों से उधार करते हैं?

-

अगर आपने उपरोक्त किसी प्रश्न का उत्तर "हाँ" में दिया है, तो आप गंभीर वित्तीय संकट की ओर बढ़ रहे हैं।

वित्तीय समस्याओं से निपटना

ऋण से बाहर निकलने का आसान रास्ता नहीं है। विज्ञापनदाताओं की सेवाओं का प्रचार करने वाले कुछ विज्ञापन यह संकेत देते हैं कि दिवालियापन अपने आप को ऋण से मुक्त करने का एक आसान तरीका है। परन्तु दिवालियापन के परिणाम बहुत दूर के होते हैं और वित्तीय समस्याओं को हल करने का अंतिम उपाय होना चाहिए। वास्तविकता में, दिवालिया होने से बचा जा सकता है और इसके साथ जुड़े कलंक से भी। यहां कई संभावित विकल्प हैं:

इसे स्वयं ठीक करें:

- आप अपने पैसे को सावधानी पूर्वक प्रबंधित करके अपनी ऋण समस्या हल कर सकते हैं। ऐसे क्षेत्रों की तलाश करें जहां खर्च में कटौती कर सकते हैं, और अपने ऋण को कम करने के लिए उस पैसे का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- भुगतान कम करने के लिए अपने घर, कार या व्यक्तिगत ऋण को पुनर्वित्त या पुनर्गठित करें।
- पति या पत्नी के लिए पार्ट टाइम नौकरी या पूर्णकालिक नौकरी में अतिरिक्त घंटे काम करने पर विचार करें।

अपने ऋणदाता से बात करें:

- आपको अपने ऋणदाता से सबसे पहले बात करनी चाहिए। यदि आप जल्दी कदम उठाते हैं और सलाह लेते हैं तो ऋण समस्या सुलझाना आसान है। देर करने से समस्या बढ़ती है।
- जहां वास्तविक वित्तीय कठिनाई है यह ऋणदाता के साथ आपके हित में भी होगा कि समाधान खोजा जाए। ऋणदाता आपकी भुगतान अवधि बढ़ा सकते हैं, या यदि आप पर एक से अधिक ऋणदाताओं का ऋण है, तो ऋण एकत्र करने की गतिविधियों को रोकने के लिए और आपके ऋण को पुनर्वित्त करने के लिए अन्य ऋणदाताओं से समन्वय कर सकता है।

दिवालिया

दिवालियापन के लिए अर्जी देना एक विकल्प है जो आप कर सकते हैं, लेकिन उपरोक्त सभी विकल्पों के समाप्त होने के बाद ही इसका सहारा लेना चाहिए। एक बार आपकी दिवालिया स्थिति से अवगत होने पर, आपके लेनदार अपनी ऋण वसूली गतिविधियों को बंद कर देंगे और दिवालियापन में एक ट्रस्टी नियुक्त किया जाएगा, ताकि आप अपनी वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन कर सकें और आपके वित्तीय मामलों की निगरानी कर सकें, जब तक आप अभुक्त हैं । हालांकि, यह विकल्प ऋण के हिसाब से सबसे कम वांछनीय है और लागत के साथ आता है। एक नुकसान यह है कि यह आपकी क्रेडिट रिपोर्ट पर एक लंबे समय तक दिखेगा। एक और नुकसान यह है कि ऋणदाता ऋण जरूरतों को और कस देंगे। भविष्य में ऋण लेने में आपको बहुत दिक्कत होगी और खासकर क्रेडिट कार्ड, उपभोक्ता ऋण और बंधक वित्त के माध्यम से संपत्ति खरीदने में कई मुश्किलें आएंगी।

दिवालिया के बारे मे अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

दिवालिया की अर्जी दाखिल करने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?

यह सलाह दी जाती है कि निर्णय लेने से पहले अपने बैंक या वित्तीय या कानूनी सलाहकारों से परामर्श करना उचित होगा। वे आपकी वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन करने और तथ्यों के आधार पर आपको यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकते हैं कि दिवालिया की अर्जी देना सबसे अच्छा विकल्प होगा:

- यदि आप दिवालिया के लिए अर्जी देने का इरादा रखते हैं, तो आपको अपने क्रेडिट कार्ड का उपयोग बंद कर देना चाहिए। यदि दिवालिया होने से पहले आप पैसे उधार लेते हैं इस उद्देश्य से कि वापस भुगतान करने के बजाय दिवालिया में ऋण का निर्वहन किया जायेगा, तो ऋण का निर्वहन नहीं किया जा सकता है। कुछ परिस्थितियों में, आप धोखाधड़ी के दोषी हो सकते हैं।
- अपने लेनदारों से संपत्ति की रक्षा के लिए अपनी जायदाद मित्रों, परिवार और व्यावसायिक सहयोगियों को हस्तांतरित नहीं करें। इस हस्तांतरण को धोखाधड़ी माना जा सकता है। यदि ऐसा है, तो आप संपत्ति के साथ दिवालिया के अधिकार से भी हाथ धो बैठेंगे। इसके अलावा, आपको शायद अपराधी माना जाएगा ।
- किसी भी व्यवसाय या वित्तीय रिकॉर्ड को नष्ट न करें। इसके परिणामस्वरूप आप दिवालिया होने का अधिकार खो सकते हैं और इसे अपराध माना जा सकता है।

दिवालिया होने के क्या परिणाम होते हैं?

इसके परिणाम व्यापक होते हैं और इनमें शामिल हैं:

- आपको, एक ऋणदार के रूप में अदालत में अपनी सारी संपत्ति और ऋण के बारे में बताना और इसे ट्रस्टी के पास जमा कराना होगा जो इन्हें बेचकर नकदी को आपके ऋणदाताओं में बांट देगा।
- आपको अपने लेनदारों के लाभ के लिए अपनी निजी आय से योगदान भी देने की आवश्यकता हो सकती है।
- यदि आप अपने घर के मालिक हैं, तो ऋण चुकाने के लिए इसे बेचने की आवश्यकता हो सकती है।
- आपको ट्रस्टी को सूचित करना पड़ सकता है कि आप हांगकांग छोड़ना चाहते हैं और ट्रस्टी द्वारा बुलाने पर वापस हांगकांग लौट आएंगे।
- आपको तुरंत अपने बैंक और इसी तरह के दूसरे खातों का उपयोग करना बंद करना होगा।
- ऋणदाता को ये बताए बगैर कि अब तक आप दिवालिया से मुक्त नहीं हुए हैं आप HK$100 या अधिक का ऋण प्राप्त नहीं कर सकते हैं ।
- आप कोर्ट की अनुमित के बगैर कुछ निश्चित सरकारी पद प्राप्त करने और कंपनी के निदेशक बनने के अयोग्य हो सकते हैं।
- आप अपने खास रोजगार के लिए पात्र नहीं रह सकते हैं।
- दिवालिया की कार्रवाई सात वर्षों तक आपकी क्रेडिट रिपोर्ट पर रहती है और कभी-कभी अधिक समय तक। नतीजतन, आपको भविष्य में ऋण प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। आपके द्वारा प्राप्त कोई ऋण संभवतः आपको उच्च ब्याज दर और शुल्क पर मिलने की आशंका है।

क्या मेरे नियोक्ता को मेरे दिवालिया होने के बारे में पता चल जाएगा?

दिवालिया होना सार्वजनिक रिकॉर्ड का मामला है। इसके अलावा, कुछ परिस्थितियों में, आपको नौकरी आवेदनों में मौजूदा या पिछले दिवालिया के बारे में नियोक्ता को खुलासा करना पड़ सकता है।

क्या मुझे अदालत में अपनी सारी संपत्ति के बारे में बताना होगा?

हाँ। यदि आप जान-बूझकर और धोखे से अदालत से संपत्ति छुपाते हैं, तो आपने एक अपराध किया है और अदालत से आपको कैद की सजा मिल सकती है। इसके अलावा, अदालत अगले 4 सालों के लिए दिवालिया होने से आपके मुक्ति को निलंबित कर सकती है।

क्या मैं 4 साल बाद अपने आप मुक्त हो जाऊंगा?

सामान्य परिस्थितियों में, दिवालिया से मुक्ति 4 साल बाद मिलती है। हालांकि मुक्ति अपने आप नहीं आती है। कुछ परिस्थितियों में लेनदार आपकी मुक्ति का विरोध कर सकते हैं और दिवालिया से मुक्ति की समय सीमा आठ साल तक बढ़ाई जा सकती है।

संपर्क सूचना

दि हांगकांग एसोसिएशन ऑफ बैंक्स
कमरा525, प्रिंसस बिल्डिंग,
सेंट्रल, हांगकांग
टेलीफोन : 2521 1169 Fax : 2868 5035
ईमेल : hkab@pacific.net.hk

द डीटीसी एसोसिएशन
यूनिट 1704, 17/F., बोनहम ट्रेड सेंटर,
50 बोनहम स्ट्रेंड ईस्ट,
श्यउंग वान, हांगकांग टेलीफोन: 2526 4079 Fax : 2523 0180
ईमेल: pc_lund@dtca.org.hk

द हांगकांग एस.ए.आर. लाइसेंस्ड मनी लेंडर्स एसोसिएशन लिमिटेड.
22/F., अलाइड कजीमा बिल्डिंग,
138 ग्लोसस्टर रोड,
वानचाई, हांगकांग टेलीफोन: 2827 8281 Fax : 2827 8292
ईमेल: chairman@lmla.com.hk

हांगकांग मोनेट्री अथॉरिटी
30/F., 3 गार्डन रोड, सेंट्रल, हांगकांग
टेलीफोन: 2878 8196 Fax : 2878 8197
ई-मेल: hkma@hkma.gov.hk

कंज्यूमर काउंसिल
22/F.,के. वाह सेंटर, 191 जावा रोड,

नॉर्थ प्वाइंट, हांगकांग
टेलीफोन: 2856 3113 Fax : 2856 3611
ईमेल : cc@consumer.org.hk

हांगकांग एसोसिएशन ऑफ बैंक्स, द डीटीसी एसोसिएशन और द हांगकांग एस.ए.आऱ. लाइसेंस्ड मनी लेंडर्स एसोसिएशन की ओर से संयुक्त रूप से जारी और हांगकांग मोनेट्री अथॉरिटी से अनुमोदित। कंज्यूमर काउंसिल उद्योग द्वारा उपभोक्ता को अनिश्चित ऋणग्रस्तता की समस्या के बारे में सूचित करने की कोशिश को अनुमोदित करता है और वित्तीय स्वास्थ्य के महत्व के सार्वजनिक जागरूकता को बढ़ावा देने के प्रयासों का समर्थन करता है।